# वोकल फॉर लोकल की श्रृंखला को आगे ले जाने के लिए स्वदेशी मेले का आगाज

**भोपाल (काप्र)।** अखिल भारतीय स्वदेशी संघ द्वारा 7 दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी मेला दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट में मेले के कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि मेला आज 7 अप्रैल से प्रारंभ होगा। मेला दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रीय स्वदेशी मेला महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रव्यापी अभियान के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पोरवाल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत, सुदृढ़ भारत की थीम पर मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में स्वदेशी उत्पाद के 200 स्टॉल भी लगाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि मेले में ऐसी भी अनेकों बहने अपने स्टॉल लगा रही है, जिनको मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्व-सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक लाभ दिया जा रहा है।

### मेले में लगाए जाएंगे ये सभी स्टॉल्स

मेले में गृह, लघु, स्टार्टअप, एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा, गुजरात की कंपनी IND-E&t c, भारतीय कंपनियों के युनिक और लक्जरी उपभोक्ता वस्तुएं, गृहसज्जा, ए.आई. टेक्नॉलॉजी, साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, कम्यूनिकेशन, मशीनरी, कटलरी, क्राकरी, ब्यूटी पार्लर, ज्वेलरी, किराना एवं जनरल सामग्री, जैविक या प्राकृतिक उत्पाद, कपड़े, रेडिमेट गारमेंट्स, होजयरी, बुटीक, जूते-चप्पल, ज्योतिष, वास्तुशास्त्र, साहित्य, साड़ी, सौंदर्य प्रसाधन, जनरल स्टोर्स, खिलौने, शैक्षणिक, बैकरी मेकिंग, फर्नीचर, ऑटोमोबाईल, स्पोर्टस्, शेयर ब्रोकर, बीमा, एग्रीकल्चर, रियल स्टेट, प्रापर्टी ब्रोकर एवं फूड जोन के स्टॉल लगाए जाएंगे।

### मेले में लगाई जा रही शासकीय एवं गैर शासकीय प्रदर्शनियां

मेले में जनसंपर्क, पुरातत्व, पर्यटन, संस्कृति, संपूर्ण प्राकृतिक खेती एवं सरकारी योजनाओं, भारतीय सनातन ऋषी मुनी एवं देशी गोमाता के ज्ञान-विज्ञान इत्यादि पर आधारित अलग-अलग प्रदर्शनिया भी लगाई जाएंगी।

मेले में प्रतिदिन आमजन के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी किए जाएंगे। जिसमें युवाओं के लिए विशेष बैंड, कठपुतली, घूमर नाट्य कला की प्रस्तुति भी दी जायेगी। बच्चों के लिए प्ले जोन एवं युवाओं को आकर्षित करने के लिए वर्तमान में चल रहे आईपीएल लीग के मैचों का प्रसारण भी एलईडी वॉल पर किया जाएगा। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वालो के लिए भी विशेष पुरस्कार की व्यवस्था की गई है।मेले में अखिल भारतीय स्वदेशी संघ, मध्यप्रदेश समग्र सेवा संघ, विराट स्वदेशी हॉट प्रा. लि. एवं राष्ट्रीय पत्रिका स्वदेशी मीमांसा मुख्य रूप से आयोजक की भूमिका निभा रहे है।

# सत्येंद्र साहू की किताब 'ने करो' 96 का अनूप जलोटा ने किया विमोचन





**भोपाल ।** लेखक सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित पुस्तक 'ने करो' 96 का भव्य विमोचन भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर 6 अप्रैल, रविवार को भोपाल स्थित अनूप जलोटा संगीत अकादमी में किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम में साहित्य और संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही। लेखक सत्येंद्र साहू ने बताया कि यह पुस्तक नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर सोच को मोड़ने का एक प्रयास है। वे कलम के माध्यम से समाज में जागरूकता और बदलाव लाने का कार्य कर रहे हैं।

'ने करो' श्रृंखला के अब तक पाँच संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं और यह छठा संस्करण, डॉ. नवीन सोनी ओम फ्रेक्चर एवं ट्रामा हॉस्पिटल(दमोह) के सौजन्य से प्रकाशित किया गया है। पुस्तक का कवर डिज़ाइन आशुतोष वर्मा द्वारा किया गया है।बेक कवर डिजाइन नेहा साहू द्वारा किया गया है।विमोचन कार्यक्रम में आर. के. शर्मा, पंडित आशीष दुबे का विशेष सहयोग रहा. अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुधार सत्ता के प्रमुख गोपाल श्रीवास्तव, एडवोकेट रवि गोयल, अभिनेता-निर्देशक नितिन तेजराज, बख्शसी जी और बृजमोहन शर्मा सहित कई प्रशंसकों ने लेखक को शुभकामनाएं दीं।

# सिंधी साहित्य सभा के वार्षिक पुरस्कार समारोह में विभूतियां सम्मानित

**भोपाल।** अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक पुरस्कार समारोह सुहिणा सिंधी आर्य ऑडिटोरियम ईस्ट ऑफ़ कैलाश नई दिल्ली में हुआ। संस्था ने साहित्य,संगीत, चित्रकला,पत्रकारिता , नाटक और नृत्य कला से जुड़ी 10 सिंधी भाषी विभूतियों को सम्मानित किया गया।



इनमें सिंधी पत्रकारिता अवॉर्ड नंद छुगानी एडिटर कूंज पत्रिका मुंबई, सिंधी अदीब अवॉर्ड अरुण बाबाणी, मुंबई, संगीत अवार्ड नील तलरेजा , बुरहानपुर मप्र , फनकार अवार्ड घनश्याम भगत अजमेर, लैंग्वेज प्रमोशन अवॉर्ड रमेश लाल, नई दिल्ली ,चित्रकला अवार्ड सुश्री आभा आसुदाणी ,नागपुर, नृत्य अवॉर्ड काव्या नावाणी ,दिल्ली , सिंधियत अवार्ड विजय इसराणी , नई दिल्ली साहित्य अवॉर्ड वीना श्रृंगी,दिल्ली और ड्रामा अवॉर्ड दिल्ली की नाट्य संस्था सिंधु कला संगम के महासचिव कीर्ति ज्ञानचंदानी को दिया गया। इन विभूतियों को पत्रकारिता, साहित्य, संगीत, भाषा ,चित्रकला,नृत्य कला और सिंधियत के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत के सबसे उम्र दराज कार्यक्रम आयोजक सिंधी साहित्य सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एस पी जयसिंघाणी (उम्र 97),नई दिल्ली ने सभी का स्वागत किया।अवार्ड कार्यक्रम का अंजलि तुलसियानी और अशोक मनवानी ने संचालन किया। पुरस्कार समारोह में विशेष अतिथि के रूप में विधायक श्री मारवाह और शिखा राय शामिल हुईं।

नील तलरेजा का गायन और सिंधी लोक कला भगत की प्रस्तुति भी हुई। विधायक शिखा राय ने लाल मुहिनजी पत रख जाए दम दम मस्त कलंदर... गीत गाया। एक नाटक अनोखी शादी का मंचन भी हुआ।

# गोविंदपुरा में पेयजल की समस्या दूर करने बनेंगी 9 पानी की टंकियाँ : श्रीमती गौर

**भोपाल** ।पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति और अन्य विषयों पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।




राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि गोविंदपुरा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पानी की 9 नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें 10 लाख लीटर तक पानी भंडारित किया जा सकेगा।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की कार्य योजना और समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दौरा करने पर अगर जनता पेयजल समस्या से जूझती नजर आई तो अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने पानी की समस्या वाली कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन देने और सप्लाई की समय सीमा बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में पार्षद श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती अर्चना परमार, श्रीमती उर्मिला मौर्य, विकास पटेल, राजू राठौर,नीरज सिंह, शिवलाल मकोरिया, रामबाबू पाटीदार, संतोष ग्वाला,वी. शक्ति राव, नीलेश गौर, लवकुश यादव, श्रीमती मोनिका ठाकुर, संजय सबनानी, एल.के. खरे और श्री उदित गर्ग मौजूद रहे।

# एडवोकेट तुलसीराम पटेल का जन्मदिन मनाया

**भोपाल।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व मध्यप्रदेश पिछड़ा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक अधिवक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट तुलसीराम पटेल के जन्मदिन पर 9 मसाला स्ट्रीट रेस्टोरेंट, शौर्य स्मारक भोपाल में आयोजित प्रोग्राम में बड़ी राजनैतिक एवं सामाजिक हस्तियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित प्रोग्राम में अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार जी, पूर्व डीजी स्वराजपुरी, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, महापौर श्रीमती मालती राय ,विभा पटेल ( पूर्व महापौर ), दीपचंद यादव एडवोकेट ( पूर्व महापौर ), एडवोकेट सैयद साजिद अली, एडवोकेट हरीश मेहता, महबूब अंसारी, पीसी कोठारी ( पूर्व जिलावार अध्यक्ष ), पार्षद प्रियंका मिश्रा पूर्व पार्षद सुषमा चौहान, मधु चौधरी ( डायरेक्टर रविन्द्र भवन ), अनिल मिश्रा, एडवोकेट महेश कुमार साहू, लालचंद भार्गे, एडवोकेट सत्यनारायण, एडवोकेट पूनम मर्गे, एडवोकेट राम विश्वास कुशवाहा , सविस्ता जकी , नासिर अली, जुल्फकार, एसडीओपी मंजू चौहान, ( एबीओएम ) केपी पटेल, गब्बर सिंह मीणा, वीर सिंह चौहान (करणी सेना अध्यक्ष भोपाल संभाग ), राधे श्याम पटेल, दिनेश पटेल, जेडी पटेल, एबी खान एडवोकेट, नागपुरे एडवोकेट, संजय गुप्ता एडवोकेट, मावर खान, विष्णु नामदेव, अंजना बनखेड़े एडवोकेट, उमेश सिरोमणी एडवोकेट, भानुप्रताप लोधी, समयलाल पटेल, सुमित पटेल, लाखन चौहान, प्रीतम चौहान, धर्मेन्द्र चौहान, सौरभ चौहान, साहिल चौहान, सफिया अली, भूपेंद्र चौहान (काकाजी) अरविंद चौहान, राहुल नागर, शिव हरोडे, मथुरा प्रसाद, दिनेश चौहान, डीएस चौहान, कन्हैया चौहान, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, संभाग अध्यक्ष शिशुपाल यादव, देवेन्द्र बाबूजी, भुवनेश पटेल,राजेश चौहान, संजय सेन, कोशल साहू, सचिन पंडित, राजेश साहू, सुनील साहू व अन्य लोगों ने श्री पटेल को पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सूडोकु नवताल - 7384

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## काकुरो पहेली - 7063



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1 2 3 4
1
2
3


6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 7062 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8451




**बाएँ से दाएँ**

1.प्राणेंद्रिय-2
2.लंबी गर्दन वाला पशु-3
4.आफत,मुसीबत-2
6.लाचार-3
7.आसरा,मदद-3
8.आश्रय,शरण-3
9.राज कपूर की पोती-3
10.कर्म,भाग्य-3
11.दासत्व,गुलामी-3
13.आर्टिकल-2
14.इच्छा,लालसा-3
15.दुगना,दोगुना-2
16.भार-3
17.टेसू के फूल-3
18.राजा का भवन-3
19.चौकसी-2
20.प्रेमी,साजन-3
21.कैनाल,उपनदी-3
23.जीवन सत्व,प्राण-2
24.प्रलय,आक्रमण-3
25.ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**


1.अभिमान-2
2.मारना,वध करना-2
3.नृत्य,कृष्णलीला-2
4.अपव्यय करना-3
5.वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6.अज्ञात,अनाम-3
7.नदी,दरिया-3
8.जांच,परीक्षण-3
9.परीक्षा करना-3
10.जिगर-3
11.आंचल-3
12.नाश,विध्वंस-3
14.अंजन,नेत्रांजन-3
15.लाडला-3
16.शक,संदेह-3
17.तीन घंटे का समय-3
18.चिंतन-3
19.प्रथम-3
20.दंड,शिक्षा-2
21.आंशिक भीगा हुआ-2
22.प्राण,जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8450 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6881



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6880



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6990

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | | | | 1 |
| 3 | 33 | 1 | 25 | 6 | 28 | |
| | | 5 | | | 2 | 7 |
| 1 | 32 | | 35 | 4 | 32 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | 3 |
| | 33 | 3 | 33 | | 41 | |
| 6 | | | 1 | 2 | | 5 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6989 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 33 | 4 | 32 | 4 | 31 | 4 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 7 | 34 | 2 | 29 | 6 | 39 | 7 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7990

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | रा | म | रा | ज | र | प | म |
| न | द | क | म | व | डो | ने | ग | ति | मा | हा |
| अ | रा | र | ला | ण | ग | अं | द | ह | प | रा |
| जी | ज | ल | का | रा | न | स | ध | ह | लि | ज |
| त | अ | अ | र | ज | जा | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | धि | त | ह | र | वि |
| ए | स्व | रा | ज | व | अ | ला | रा | मा | न | रा |
| त | न | भा | र | प | र्व | त | रा | ज | वि | ज |
| रा | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| ज | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | मे | घ | रा | ज | स | त्ता | प | र | र |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

### शब्दजाल - 7989 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore